**St. Thomas'**

**half yearly**

**Examination sample paper**
**(2024-25)**
**Class: IX**
**Subject: Hindi**

**M. Time:** **M. Marks: 80**

**Name: ________________________________Section ______________Roll No: _________**

**SECTION A (40 Marks)**

**व्याकरण**

Attempt all questions

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics:- (15)

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक**विषय पर हिन्दी में लगभग**250** शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए –

(i) 'पुस्तकें' हमारे जीवन की सच्ची मित्र हैं- कथनको ध्यान में रखते हुए पुस्तकों का हमारे जीवन में क्या महत्व है ?लिखिए।

(ii) 'अनुशासन' का अर्थ बताते हुए, विद्यार्थी जीवन में उसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

(iii)एकमौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :


"जान बची लाखों पाए ।"

(iv)समयके महत्व को समझे बिना, जीवन-पथ पर आगे बढ़ना कठिन ही नहीं असंभव है|

इसविषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(v) नीचे दिये गये चित्र को ध्यान से देखिए औरचित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व

स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below: - (7)

निम्नलिखित में से किसी एकविषय पर हिन्दी में लगभग120 शब्दों में पत्र लिखिए-

(i) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को एकपत्र लिखिए जिसमें क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति माँगते हुए उनसे निर्णायक बनने के लिए प्रार्थना कीजिए।

(ii) साइकिल या स्कूटर सिखते हुए आपको काफी चोट आाई है ।अतः 4 दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य जी को अवकाश पत्र लिखिए।

Question 3.

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :

जीवन यात्रा में हमें तरह-तरह के अनुभव होते हैं, तरह-तरह के उबड़-खाबड़ पथों से गुजरना पड़ता है, अनेक आँधियों व तूफ़ानों का सामना करना पड़ता है तथा सभी के जीवन में धूप- छाँव की तरह सुख-दुख का आना-जाना लगा रहता है। उत्थान -पतन, सुख-दुख, हानि- लाभ आदि सभी से मिलकर जीवन बनता है।जो इससत्य को सामने रखकरनिश्चित मनसे कर्म करते हुए अपने उद्देश्य की ओरबढ़ते हैं, सफलता उनके चरणचूमती है औरउनका जीवन आनंद से भरा रहता है। जो व्यक्ति जीवन में केवल सुख की ही अभिलाषा करते हैं, उन्हें पग-पग पर निराशा मिलती है। छोटी-सी कठिनाई को देखकर उनके हाथ- पैर फूल जाते हैं और उनका साहस हल्के बादलों की तरह संकट की तेज हवा में उड़ जाता है।

साहस औरआत्मविश्वासके साथ जीना ही सच्चा जीवन है। साहसी व्यक्ति कभी भी अपना कर्म नहीं छोड़ता। एकबार असफलहोने पर भी नई उमंग, नए विश्वास व नए साहस से फिर प्रयत्न करता है। ऐसे व्यक्ति के सामने पहाड़ भी अपना सिर झुका लेते हैं और दुराशा उनके पास तकनहीं फटकती। ऐसे व्यक्ति ही अपने राष्ट्र व समाज के नेता होते हैं।

संसार का इतिहास ऐसे व्यक्तियों के कार्यकलापों से भरा पड़ा है ।जिस देश में ऐसे कर्मवीर का जन्म हुआ, वह देश अपनी नींद से जाग उठा। जिस समाज में ऐसे व्यक्ति का प्रवेश हुआ वह समाज उठखड़ा हुआ। जिस दिशा में जननायक के पैर उठगए, उसी दिशा में प्रकाश की किरण फूट पड़ी ।हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ऐसे ही कर्मवीर थे। हमारे लिए उनका यही संदेश है, "फलकी परवाह किए बिना,अपना काम करते रहो न कठिनाई से डरो, न बाधाओं से।

i."लेखक ने जीवन को एकयात्रा क्यों कहा है? (2)

ii.सफलता किन लोगों के चरणचूमती है? (2)

iii. जीवन में केवल सुख की अभिलाषा करने वालों को किन-किन कष्टों का सामना करना पड़ता है? (2)

iv.सच्चा जीवन क्या है? (2)

v.कर्मवीरों की क्या विशेषताएं होती हैं? (2)

Question 4.

Answer the following according to the instructions given :

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

i.'अनिवार्य' का विलोम बताइए: (1)

कआवश्यक खस्वीकार्य

ग-वैकल्पिक घ-इच्छित

ii.आँख का पर्यायवाची बताइए: (1)

कबर्बर- फूहड़

खमत- दर्प

ग-अंशु- मयूख

घ-दृग- चक्षु

iii.'मलिन' की भाववाचक संज्ञा बताइए: (1)

कमैल खमैला

ग-मिलना घ-मेल

iv.'राष्ट्र' का विशेषण बताइए: (1)

कराष्टीय ख राष्ट्री

ग-राष्ट्रीय घ-राषट्रीय

v.'किरपया 'का शुद्ध रूप बताइए: (1)

ककृपया खकृप्या

ग-क्रपया घ-कीरपया

vi.'अकलका पुतला' मुहावरे का अर्थ बताइए: (1)

क बुद्धिमान खशक्तिमान

ग-मूर्ख घ- धनवान

vii.निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए: (1)

गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिया।

( वाक्य शुद्ध कीजिए)

क गीता में अर्जुन ने श्रीकृष्ण को उपदेश दिया।

ख गीता में श्री कृष्ण अर्जुन को उपदेश दिया।

ग-श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश में गीता कही।

घ-श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया।

viii.रजनीश एकमेहनती छात्र है इसलिए वह कक्षा में प्रथम आया।(वाक्य में 'होने का कारण' वाक्यांश का प्रयोग कीजिए) (1)
क- कक्षा में प्रथम होने का कारण रजनीश की मेहनत है ।
खरजनीश मेहनती छात्र होने के कारण ही कक्षा में प्रथम आया।
ग-रजनीश मेहनती होने के कारण की कक्षा में प्रथम आसका।
घ-रजनीश की मेहनत ही उसके कक्षा में प्रथम होने का कारण है।

**SECTION B (40 Marks)**

Questions from only ***two*** of the following textbooks are to be answered. Attempt ***four*** questions from this Section. You must answer at least ***one*** question from each of the ***two*** books you have studied and any ***two*** other questions from the same books that you have chosen.

साहित्य सागर – संक्षिप्त कहानियाँ

**( Sahitya Sagar – Short Stories )**

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

वह भी अच्छी तरह से किस–किस को देखे।आजकल तो ऐसा लगता है मानो पूरा शहर ही अस्पताल में उमड़ आया है समझ में नहीं आता, ऐसी भीड़ क्यों है?”

***[‘भीड़ में खोया आदमी– लीलाधर शर्मा पर्वतीय’ ]***

(i) प्रस्तुत पंक्तियों किस संदर्भ में कही गई हैं? (2)
(ii) श्रोता कहाँ गया था और क्यों? (2)
(iii)पाठ में वर्णित भीड़ का क्या कारण है? इसभीड़ का क्या परिणाम सहना पड़ रहा है? (3)

(iv) इसभीड़ से कैसे बचा जा सकता है? लेखक अपने मित्र को भीड़ का रहस्य क्यों समझाना नहीं चाहते हैं ? (3)

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

"आपभी क्या अजीब है, उठा ले कहीं से -लो जी,यह नौकर है।"

*['अपना-अपना भाग्य -जैनेंद्र कुमार']*

(i)वक्ता कौन है? लेखक उनके पास क्यों गए थे? स्पष्ट कीजिए । (2)

(ii)'अजीब' शब्द का अर्थ लिखते हुए वक्ता का परिचय दीजिए। (2)

(iii)'उठा लाए कहीं से'-यह संबोधन किसके लिए है? वक्ता के उसके संबंध में कौन से विचार हैं? (3)

(iv) नौकर को घर में रखने से पूर्व उसकी छानबीन क्यों करनी चाहिए?उदाहरण सहित लिखिए। (3)

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

"अभी परसों घी आया है। इतनी जल्दी उठगया?"

*['बड़े **घर** की बेटी- मुंशी प्रेमचंद']*

(i)वक्ता तथा श्रोता कौन है? वे किस संदर्भ में बात कररहे हैं औरक्यों? (2)

(ii)"इतनी जल्दी उठगया?"क्या उठा तथा उठने का कारण बताइए। (2)

(iii) इसकथनद्वारा वक्ता के किस तरह के स्वभाव का पता चलता है? उसका भावज के साथ व्यवहार उचित क्यों नहीं था?

समझाइए। (3)

(iv)श्रोता ने वक्ता के कथनका क्या उत्तर दिया?उत्तर सुनकर वक्ता की क्या प्रतिक्रिया हुई? (3)

**साहित्य सागर –**

**( Sahitya Sagar – Poems )**

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:-

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

खीजत जात माखन खात ।

अरुण लोचन ,भौंह टेढ़ी, बार-बार जम्हात।

कबहुँ रुनझुन, चलतघुटुरन, धूर- धूसर गात।

कबहुँ झुक के अलकखेंचत,नैन जलभर लात।

कबहुँ तुतरे बोल बोलत, कबहुँ बोलत तात।

'सूर' हरि की निरखि सोभा,निमिख तजतन मात।

*[सूर के **पद**-सूरदास]*

i. माखन खाते हुए कृष्ण क्या कररहे हैं औरक्यों? समझाकर लिखिए । (2)

ii.श्रीकृष्ण की तात्कालिकदशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। (2)

iii. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए ।लोचन, अलकगात, निमिख निरखि, जम्हात। (3)

iv. कृष्ण की माता कौन है? वे पलभर के लिए भी क्या नहीं छोड़ना चाहती हैं औरक्यों? स्पष्ट कीजिए। (3)

**Question 9.**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
बरस बाद सुधि लीन्हीं,
बोली अकुलाई लता,ओटहो किवार की
हरषाया ताल लाया पानी परात भर के
मेघ आएबड़े बन ठनके संवर के ।

*[ मेघ **आए**सर्वेश्वर दयाल सक्सेना]*

i.पीपल का वर्णन किस रूप में किया गया औरमेघों के आने पर वह क्या कररहा है? (2)

ii. लता की व्याकुलता का क्या कारण है? वह दरवाजे की ओटमें होकर क्या कररही है? (2)

iii. 'ताल' शब्द का अर्थ बताइए ।उसकी प्रसन्नता का क्या कारण है? उसने क्या किया? (3)

iv. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए ।जुहार, सुधि, अकुलाई,हरषाया लता, किवार। (3)

**Question 10.**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए औरउसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :

साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए

बायें से वे मलते हुए पेट को चलते,

औरदाहिना दया-दृष्टि पाने की ओरबढ़ाए

भूख से सूख ओंठ जबजाते

दाता-भाग्य विधाता से क्या पाते?

घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते। चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,

औरझपटलेने का उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए।

*[‘भिक्षुक- सूर्यकांत त्रिपाठी निराला’]*

(i) साथ चलने वाले बच्चे किसके हैं औरवह क्या कररहे हैं? (2)

(ii) लोगों की दया- दृष्टि पाने के लिए भिक्षुक क्या-क्या करता है? समझाकर लिखिए । (2)

(iii) "चाट रहे ------ कुत्ते भी हैं अड़े हुए" पंक्ति में कवि ने उसके किस दर्द को अभिव्यक्त करने का प्रयत्न किया है? उसमें औरकुत्तों में क्या अंतर है? (3)

(iv) “आँसुओं के घूँट पीकर रह जाना" पंक्ति की व्याख्या करते हुए बताइए कि भिक्षुक की उसस्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है? समझाकर लिखिए। (3)